प्रादेशिक समाचार

दिनांक–27.01.2025 (दोपहर–1455 बजे)

*****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नई दिल्ली में आज राष्ट्रीय कैडेट कोर की वार्षिक रैली को संबोधित करेंगे। करियप्पा परेड ग्राउंड में आयोजित रैली का विषय है–युवा शक्ति, विकसित भारत। आयोजन के दौरान एनसीसी के आठ सौ से अधिक कैडेट सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत करेंगे, जिसमें राष्ट्र निर्माण के प्रति एनसीसी की प्रतिबद्धता की झलक होगी। रैली में 18 मित्र देशों के 144 युवा कैडेट भी कदम ताल करेंगे।

*****************

केंद्रीय इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी दो दिवसीय दौरे पर आज बोकारो पहुंचे। उन्होंने बोकारो स्टील प्लांट का दौरा किया जहां अधिकारियों ने प्लांट का विस्तृत 3डी नक्शा और सुरक्षा प्रक्रियाओं की जानकारी दी। श्री स्वामी समीक्षा बैठक के साथ यूनियन के नेताओं से भी मिलेंगे। कल चास नाला प्रोजेक्ट का भ्रमण करने का कार्यक्रम है।

*****************

झारखण्ड पुलिस ने वर्ष 2024 में राज्य में कुल 248 नक्सलियों को गिरफ्तार किया है जबकि 24 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया  और 9 नक्सली पुलिस मुठभेड़ में मारे गए। राज्य के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने पुलिस मुख्यालय में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में अपने संबोधन में ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि संगठित आपराधिक गिरोह के कुल 154 अपराधियों और एटीएस  द्वारा 4 अलकायदा के आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया है।  श्री गुप्ता ने बताया कि वर्ष 2024 में अवैध मादक पदार्थ के प्रयोग और व्यापार में संलिप्त कुल–1 हजार 362 अभियुक्तों को सलाखों के पीछे भेजा गया और कुल एक करोड़ बयासी लाख इक्यावन हजार नौ सौ पचास रूपये के साथ कई प्रकार के अवैध मादक पदार्थों को भी जब्त किया गया। वहीं वर्ष 2024 में साईबर अपराध में संलिप्त कुल 1 हजार आठ सौ उनहत्तर अभियुक्तों को सलाखों के पीछे भेजा गया।

*****************

रंगदारी वसूलने के लिए रांची से अगवा दो व्यापारियों को रामगढ़ जिले की पुलिस ने कुजू ओपी क्षेत्र से सकुशल मुक्त कराया है । पुलिस ने 7 अपराधियों को गिरफ्तार किया है । जिले के पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि फिरौती मांगने के उद्देश्य से इस घटना को अंजाम दिया। उन्होंने  बताया कि अपराधियों के पास से फिरौती की रकम 9 लाख 46 हजार रुपए जब्त किए गए। इसके अलावा नोट गिनने की दो मशीनें भी मिली है।

*****************

झारखंड एकेडमिक काउंसिल,जैक ने 28, 29, और 30 जनवरी को होने वाली आठवीं और नौवीं की बोर्ड परीक्षा को अपरिहार्य कारणों से स्थगित दिया है अगली तिथि की घोषणा जल्द की जाएगी।

*****************

पूर्वी सिंहभूम जिले के टाटानगर स्टेशन से झारखंड के अलग–अलग जिलों से कुल आठ सौ छात्र स्पेशल ट्रेन से पुरी के लिए रवाना हुए । शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया मौके पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों को इस यात्रा से विशेष अनुभव होगा। साथ ही छात्रों को काफी कुछ सीखने को मिलेगा।

*****************

रामगढ़ उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय प्रारंभिक शिक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में विधायकों, अधिकारियों और समिति के सदस्यों ने शिरकत की। शिक्षा अधीक्षक ने बताया कि वर्ग 1–5 के लिए 324 और वर्ग 6–8 के लिए 429 पद सृजित किए गए हैं। उपायुक्त ने खाली स्कूल भवनों के उपयोग की योजना 15 फरवरी तक तैयार करने का निर्देश दिया है।

*****************

चतरा जिले में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर उल्लेखनीय कार्य करने वाले बीएलओ और सुपरवाइजरों को सम्मानित किया गया।' विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

******************

इंडियन सुपर लीग फुटबॉल में आज मोहन बागान सुपर जायंट का सामना बेंगलुरु फुटबॉल क्लब से होगा। यह मैच कोलकाता के विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में शाम साढे सात बजे से खेला जाएंगा। मोहन बागान सुपर जायंट अपने पिछले सभी सात मैचों में जीत हासिल कर अंक तालिका में शीर्ष पर है, जबकि बेंगलुरु एफसी तीसरे स्थान पर है। कल, मुंबई सिटी एफसी ने मोहम्मडन एससी को तीन–शून्य से पराजित किया।

********समाप्त********